### एक नजर में

## वैज्ञानिक निकले ग्रामीण क्षेत्रों के भ्रमण पर

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख, डॉ. बीएस किरार वैज्ञानिक, डॉ. एसके सिंह एवं डॉ. यूएस धाकड़ द्वारा विगत दिवस ग्राम अमरपुर, अनंतपुरा, कारी एवं काँटी के कृषकों के प्रक्षेत्रों पर भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान देखा गया कि कृषकों ने सब्जी फसलें जैसे टमाटर, मिर्च, भिंडी, बैंगन, अदरक, अरबी एवं अन्य वर्षा कालीन फसलें लगायी गई हैं और कुछ सब्जी फसलें रोग एवं कीट व्याधियों से प्रभावित हो रही हैं।**

डॉ. एसके सिंह द्वारा बताया गया कि मिर्च, टमाटर और भिंडी में पत्ती खाने वाली इल्लियों एवं रस चूसक कीटों का प्रकोप अत्यधिक है, इसके नियंत्रण के लिए बीटासाइफ्लुथ्रिन एवं इमिडाक्लोप्रिड समिश्रण की दवा 0 .5 मिली लीटर प्रति लीटर की दर से प्रभावित फसलों पर छिड़काव करें। अरबी के पत्तों पर भूरापन लिए हुए काले रंग के धब्बे जिसे फाइटोफ्थोरा ब्लाइट कहा जाता है, इसी प्रकार से अदरक में मृदु विगलन रोग का प्रकोप देखा गया इसमें रोग ग्रसित पौधों की पत्तियाँ किनारे से पीले पड़ कर सूख जाती हैं।

# ईद मिलादुन्नबी पर्व पर मिठाइयां खिलाकर दी बधाइयां, दोपहर में जामा मस्जिद से निकला जलसा

**मोहम्मद साहब का मनाया गया जन्म दिवस**

**समाज के लोगों ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए जुटाई राशि**





**नवभारत न्यूज,टीकमगढ़। हर साल की तरह इस साल भी ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर शहर सहित जिले भर में धूम देखने को मिली। मुस्लिम समाज के लोगों ने पैगम्बर साहब का जन्मदिवस मनाया। जन्म दिवस के अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे को मिठाईयां खिलाकर और गले मिलकर बधाईयां दी। गणेश उत्सव समिति ने मिठाई बांटकर 12वीं शरीफ की शुभकामनाएं दीं। गांधी चौराहे पर समाज के लोगों ने पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए राहत राशि एकत्रित की।**

शुक्रवार को सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोगों ने शहर की मस्जिदों में पहुंचकर मोहम्मद पैगम्बर साहब का जन्मदिन मनाया गया। इस अवसर पर सुबह 5 बजे से ही मस्जिदो में मुस्लिम समाज के लोगों का पहुंचने का सिलसिला शुरू हुआ लोगों ने यहां पहुंचकर पैगम्बर साहब के जन्मदिवस के अवसर पर जमकर आतिशबाजी कर जश्न मनाया वही नन्हे-मुन्ने बच्चों ने आसमान में गुब्बारे छोड़कर इबादत में भाग लिया। सुबह से ही शहर की तमाम मस्जिदों में नमाजियों ने नमाज अदा की। शुक्रवार को मुस्लिम समाज के इस बड़े आयोजन को लेकर पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में शहर के प्रमुख स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती की गई थी जिससे शहर की व्यवस्था चाक-चौबंद रहे। उन्होंने त्यौहार के दो दिन पूर्व पुलिस बल के साथ स्वयं फ्लैग मार्च निकाला था।

शहर के प्रमुख स्थानों पर ड्रोन एवं सीसी टीवी कैमरों से लगातार निगरानी की गई साथ ही सोशल मीडिया पर भी पुलिस बारीकी से नजर बनाये रही। शुक्रवार की दोपहर 2 बजे मोहम्मद पैगम्बर साहव के जन्मदिवस के अवसर पर नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समुदाय के लोग जामा मस्जिद पर एकत्रित हुए जहां से अंजुमन सदर अब्दुल रज्जाक के प्रतिनिधित्व में विशाल जलसा का आयोजन किया गया। यह जलसा जामा मस्जिद से प्रारम्भ हुआ जो लुकमान चौराहा, सब्जी मंडी मार्ग, मजदूर चौराहा, सन्मति चौराहा, कटरा बाजार, पुरानी नगर पालिका, पुराना पोस्ट ऑफिस, जेठा चौराहा, छोटी देवी मंदिर, लक्ष्मी टॉकीज स्थित पुरानी तहसील मार्ग, स्टेट बैंक चौराहा, गांधी चौराहा, कोतवाली मार्ग, शैलसागर चौराहे से मिश्रा चौराहे होते हुए वापिस जामा मस्जिद पहुंचा जहां जलसा का समापन किया गया।

इस अवसर पर जलसा भ्रमण के दौरान जगह-जगह जलसे में शामिल मुस्लिम समुदाय के लोगों का मिष्ठान खिलाकर आत्मीय स्वागत किया गया। कुछ स्थानों पर पुष्प वर्षा कर आतिशबाजी की गई जलसा में शासन की निर्धारित गाइड लाईन के मुताबिक डीजे का संचालन किया गया। डीजे पर सुनाई देने वाली मजहबी धुनों पर मुस्लिम समुदाय के लोग जमकर थिरकते हुये दिखाई दिये। समाज के लोगों ने आपसी सौहार्द एवं सद्भावना के साथ ईद मिलानदुन्नवी का पर्व मनाया। लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलते हुये वर्ष में एक बार पड़ने वाले इस पर्व की तहे दिल से शुभकामनाएं दी। कांग्रेस विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला एवं नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार पप्पू मलिक ने समर्थकों के साथ जलसे का स्वागत किया।

### शहर में की गई विशेष साज-सज्जा

शहर की सभी मस्जिदों के अलावा जामा मस्जिद पर पर्व के एक दिन पूर्व विशेष साज-सज्जा कर ली गई थी ईद मिलादुन्नबी पर्व के ठीक एक दिन पहले गुरूवार रात्रि के समय समूचा शहर दूधिया रोशनी से जगमग दिखाई दे रहा था मानो ऐसा नजारा देखने में आ रहा था जैसे रात्रि को आसमान में तारें दिखाई देते है इसी तरह शहर को इस पर्व के चलते सजाया गया था। इसके अलावा मुस्लिम समुदाय के लोगों ने अपने-अपने घरों के ऊपर छतों पर विद्युत के उजाले की आकर्षक व्यवस्था की थी लोगों ने अत्याधुनिक क्वालिटी वाली झालरों से दीवारों को पाट दिया था।

### जगह-जगह बांटी मिठाईयां

मोहम्मद पैगम्बर साहव के जन्मदिवस के अवसर पर शुक्रवार को जगह-जगह मिठाईयां बांटकर त्यौहार का आनन्द लिया गया इस अवसर पर मुस्लिम समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों पर आकर्षक व्यंजन पकाये हुये थे जिसमें सिवईयां की खीर, खोवा की वर्फी, खोवा की गुजिया, लड्डू सहित अन्य व्यंजनों के नाम शामिल रहे। त्यौहार के दिन समाज के लोगों ने अपने-अपने घरों में अपने सहपाठियों को आमंत्रित कर रखा था। सहपाठियों ने इस कार्यक्रम में पहुंचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुये इन सभी व्यंजनों का तहे दिल से स्वाद लिया।

### जमकर हुई सुबह के समय आतिशबाजी

शहर की सभी मस्जिदों में शुक्रवार सुबह 5 बजे पैगम्बर साहब के जन्मदिन का कार्यक्रम शुरू होते हीं जमकर आतिशबाजी की। लोगों ने एक-दूसरे को जन्मदिन की मुबारकवाद दी। जिला मुख्यालय सहित जिले के जतारा, खरगापुर, पलेरा, बल्देवगढ़, बड़ागांव धसान, लिधौरा, दिगौड़ा के अलावा अन्य ग्रामीण एवं कस्बाई इलाकों में पैगम्बर साहव का जन्मदिन बड़े ही सौहार्दपूर्ण ढंग से आपसी सद्भावना के बीच सम्पन्न कराया गया। जिले भर में आयोजित हुये इस कार्यक्रम में पुलिस कप्तान मनोहर सिंह मंडलोई के निर्देशन में पुलिस की चाक-चौबंद व्यवस्था रही। पुलिस के जवान दिनभर अपनी-अपनी ड्यूटी करते हुये अपने चयनित स्थानों पर तैनात देखे गए।

## पीड़िता ने कार्यवाही न होने पर दी हड़ताल की चेतावनी




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। झांसी मार्ग पर स्थित दिगौड़ा थाना क्षेत्र में एक युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। वन विभाग में कार्यरत दो कर्मचारियों ने नौकरी दिलाने का झांसा देकर इस वारदात को अंजाम दिया। पीड़िता ने एसपी कार्यालय में शिकायत करते हुए बताया कि इस मामले में एक आरोपी गिरफ्तार हो चुका है जबकि दूसरा फरार है उसकी गिरफ्तारी 7 दिवस में नहीं हुई तो पीड़िता ने भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है।**

शिकायती आवेदन में पीड़िता ने बताया कि उसके साथ गत 7 जून को घटित हुई इस घटना में सुरेश अहिरवार और हरिदास अहिरवार नामक दो आरोपी शामिल थे। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों के खिलाफ केस दर्ज किया था। हरिदास को गिरफ्तार कर लिया गया, लेकिन सुरेश अभी भी फरार है।

शुक्रवार को पीड़िता ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई। उसने बताया कि फरार आरोपी उसे और उसके परिवार को केस वापस लेने का दबाव बना रहा है। साथ ही जान से मारने की धमकियां भी दी जा रही हैं।

पीड़िता ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर 7 दिन का समय दिया है। उसने कहा कि इस अवधि में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने पर वह भूख हड़ताल शुरू कर देगी।

## रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को सौंपे दायित्व

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार नगरीय निकायों की फोटोयुक्त मतदाता सूची का पुनरीक्षण कार्यक्रम वर्ष 2025 मतदाता सूची एक जनवरी 2025 की स्थिति में तैयार कराये जाने के लिये रजिस्ट्रीकरण तथा सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को निर्वहन के लिये कलेक्टर एवं जिला जिला निर्वाचन अधिकारी विवेक श्रोत्रिय द्वारा पदाभिहीत किया गया है।**

तदनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व टीकमगढ़ को रजिस्ट्रीकरण एवं तहसीलदार टीकमगढ़ को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी टीकमगढ़ और तहसीलदार बड़ागांव धसान को कारी के लिये, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बल्देवगढ़ को रजिस्ट्रीकरण एवं तहसीलदार बल्देवगढ़ को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी बल्देवगढ़ के लिये एवं तहसीलदार खरगापुर को खरगापुर के लिये ।

वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जतारा को रजिस्ट्रीकरण एवं तहसीलदार जतारा को सहायक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तहसील जतारा के लिए, तहसीलदार लिधौरा को तहसील लिधौरा के लिए एवं तहसीलदार पलेरा को पलेरा के लिए तथा अपर कलेक्टर राजस्व को संपूर्ण नगरीय क्षेत्र जिला निवाड़ी के लिए अपीलीय अधिकारी पदाभिहीत किया गया है। उक्त सभी अधिकारियों को कलेक्टर ने दायित्व सौंप दिए है।

## दीप सागर तालाब में भगवान का कराया विहार



**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। नगर परिषद कारी में वामन द्वादशी पर जल बिहार महोत्सव का आयोजन किया गया। शाम 5 बजे नगर के प्रमुख मंदिरों से भगवान के विमान निकाले गए। नगर भ्रमण के बाद शाम 6 बजे रिमझिम बारिश में प्राचीन दीप सागर तालाब में भगवान का जल बिहार कराया गया।**

कारी के लक्ष्मणजी मंदिर, राधारानी मंदिर, नरसिंह भगवान मंदिर और बड़े मंदिर से सजी झांकियां पहले हनुमान मंदिर खंदिया आश्रम पहुंचीं। यहां सभी विमानों का धार्मिक रीति-रिवाज से पूजन हुआ। फिर नगर में शोभायात्रा निकाली गई। हर दरवाजे पर बंधनवार और रंगोली सजाई गई। महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर भगवान की आरती उतारी। शाम को विमान दीप सागर तालाब पहुंचे। यहां नाव से भगवान का विहार कराया गया। शोभायात्रा में डीजे, घोड़े, कीर्तन और नागिन डांस जैसे कार्यक्रम भी शामिल थे।

जहां हजारों श्रद्धालुओं ने विमान में भगवान के दर्शन किए। लक्ष्मणजी मंदिर के महाराज कौशल किशोर की देखरेख में जल बिहार संपन्न हुआ। स्थानीय रामनारायण पांडे ने बताया कि रात में नरसिंह भगवान मंदिर के चबूतरे और दीनदयाल उपाध्याय दीपसागर के मानस मंच पर जवाबी कीर्तन का आयोजन किया गया। नगर में दो दिन का मेला भी लगाया गया है।

## अज्ञात चोरों ने चुराई गेहूं की बोरियां

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बड़ागांव धसान थाना क्षेत्र के अजनौर गांव में अज्ञात चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए मकान में रखी गेहूं की बोरियां को चुराने की घटना को अंजाम दिया है पुलिस इस मामले की जांच कर आगे की कार्यवाही करने में जुटी हुई है।**

जानकारी के अनुसार फरियादी हरदयाल लोधी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई है। कि अज्ञात चोरों ने मकान की बाउंड्रीवॉल तोड़ी और कमरे का ताला तोड़कर अंदर रखी गेहूं की पांच बोरियां चोरी कर लीं। जब चोरी हुई उस समय मकान मालिक और उनका परिवार घर के दूसरे कमरे में सो रहा था। सुबह ताला टूटा देखकर चोरी का पता चला। बड़ागांव थाना पुलिस ने आवेदन लेकर इस मामले की जांच कर आगे की कार्यवाही करनी प्रारंभ कर दी है।

## शव का अंतिम संस्कार करने में हुई परेशानी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। बल्देवगढ़ जनपद क्षेत्र के गणेशपुरा गांव में शुक्रवार को एक दुःखद स्थिति देखने को मिली। गांव में 5 वर्षीय अरविंद रैकवार की उल्टी-दस्त से गुरुवार की रात मृत्यु हो गई थी। जिसके अंतिम संस्कार करने के लिए लोगों को तालाब के बीचों-बीच टापू पर बने मुक्तिधाम तक पहुंचने में काफी मुसीबत का सामना करना पड़ा लोग नाव की मदद से शव को लेकर मुक्तिधाम पहुंचे।**



जानकारी के अनुसार अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम तक पहुंचने में ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। मुक्तिधाम तालाब के बीच टापू पर स्थित है। बारिश के कारण चारों तरफ पानी भर गया था। शव को मुक्तिधाम तक ले जाने के लिए नाव का सहारा लेना पड़ा। लोगों को कमर तक पानी में उतरकर शव को तालाब पार करना पड़ा।

इससे पहले बल्देवगढ़ जनपद के ही मातौल गांव में भी अंतिम संस्कार के लिए पन्नी का उपयोग करने का मामला सुर्खियों में रहा था। जिले के कई गांवों में यह समस्या बनी हुई है। कुछ गांवों में तो अभी तक मुक्तिधाम का निर्माण भी नहीं हुआ है। लोगों को अपने प्रियजनों का अंतिम संस्कार करने के लिए खेत खलिहान या अन्य स्थान खोजना पड़ता है।

ग्रामीणों ने इस समस्या से निजाद दिलाए जाने की मांग प्रशासन से की। कलेक्टर विवेक श्रोतिय ने इस समस्या को देखते हुए चार दिन पहले अधिकारियों की बैठक बुलाई। उन्होंने करीब 100 ग्राम पंचायतों में मुक्तिधाम बनाने के निर्देश दिए हैं। ये मुक्तिधाम सांसद निधि और मनरेगा की राशि से बनाए जाएंगे।

## आकाशीय बिजली गिरने से मंदिर का शिखर क्षतिग्रस्त

**गुरुवार की रात्रि बारिश के दौरान घटी घटना**

**मौसम विभाग ने दर्ज की 2 .1 इंच बारिश**

**नवभारत,न्यूज टीकमगढ़। शहर में पिछले 24 घंटों से मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। जिले में 2.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। पलेरा तहसील में सर्वाधिक 188 मिलीमीटर यानी करीब 3.5 इंच बारिश हुई। गुरूवार की रात हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली शिव मंदिर के शिखर पर जा गिरी जिससे शिखर क्षति ग्रस्त हो गया।**



मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक अभी तक जिले के मोहनगढ़, जतारा, खरगापुर और बल्देवगढ़ में 2 इंच बारिश रिकॉर्ड की गई। टीकमगढ़ और बड़ागांव तहसील में 1 इंच वर्षा हुई। जिले में अब तक कुल 52 इंच औसत बारिश हो चुकी है। यह पिछले साल की तुलना में 17.2 इंच अधिक है। गुरुवार रात करीब 10 बजे पुलिस लाइन स्थित शिव मंदिर के शिखर पर आकाशीय बिजली गिरी। इस घटना में मंदिर का शिखर क्षतिग्रस्त हो गया और बिजली के तार जल गए।

स्थानीय लोगों ने बताया कि घटना के समय एक मां-बेटा मंदिर में पूजा कर रहे थे। हालांकि दोनों सुरक्षित हैं। भू-अभिलेख कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार जिले में सर्वाधिक वर्षा पलेरा तहसील में 77.4 इंच दर्ज की गई है। वहीं टीकमगढ़ तहसील में 61 इंच, मोहनगढ़ में 58.2 इंच, खरगापुर में 52.56 इंच, बल्देवगढ़ में 50 इंच, जतारा में 47.5 इंच और लिधौरा में 42.5 इंच बारिश हुई है। सबसे कम बारिश बड़ागांव तहसील में 34 इंच दर्ज की गई है।

शहर में पिछले 24 घंटों से मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। जिले में 2.1 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। पलेरा तहसील में सर्वाधिक 188 मिलीमीटर यानी करीब 3.5 इंच बारिश हुई। गुरूवार की रात हुई बारिश के दौरान आकाशीय बिजली शिव मंदिर के शिखर पर जा गिरी जिससे शिखर क्षति ग्रस्त हो गया। इस वर्ष रूक-रूक कर हो रही बारिश थमने का नाम नहीं ले रही है। बारिश के कारण किसानों ने इस सीजन की फसलों की बोवनी नहीं कर पाई है। जिससे किसानों को काफी नुकसान पहुंचा है। किसानों ने जिले से लेकर प्रदेश स्तर पर फसलों के मुआवजे की राशि दिलाने की मांग की है। हालांकि किसानों की फसलों का सर्वे कराया जा रहा है। जिसके हिसाब से उन्हें मुआवजा मिलेगा।

**सौगात** — एक ही कॉल से मिलेगी कई सेवाओं की सुविधा

# कलेक्टर एवं एसपी ने दिखाई डायल 112 को हरी झंडी

**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। जिले में पुलिस विभाग की ओर से 18 नए डायल 112 वाहन सेवा में शामिल किए गए हैं। पुलिस परेड ग्राउंड में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय और पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने हरी झंडी दिखाकर इन डायल 112 वाहनों को रवाना किया।**




यह वाहन पुरानी डायल-100 सेवा की जगह लेंगे। इनमें जीपीएस सिस्टम, डैशबोर्ड कैमरा और बॉडी वॉर्न कैमरा लगे हैं। साथ ही आधुनिक वायरलेस सेट, स्ट्रेचर और फर्स्ट-एड किट भी उपलब्ध हैं। इन सुविधाओं से पुलिस किसी भी आपात स्थिति में जल्द मदद पहुंचा सकेगी। प्रदेश में इस योजना के तहत 12 सौ वाहन शामिल किए जा रहे हैं। इनमें 6 सौ बोलेरो और 6 सौ स्कॉर्पियो हैं। इस परियोजना पर करीब 9 सौ 70 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक श्री मंडलोई ने इस अवसर पर कहा कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा उपलब्ध कराए गए इन नए वाहनों से पुलिस की कार्यक्षमता और आमजन की सुरक्षा को नई ऊँचाई मिलेगी। तेज़ रिस्पॉन्स और बेहतर सेवा अब हर नागरिक तक पहुँचेगी एवं नागरिकों से अपील की है कि वे डायल 112 सेवा का सही और जिम्मेदारी से उपयोग करें तथा समय पर सही सूचना देकर इसे और अधिक सफल बनाएं। नवीन वाहनों में नई गाड़ियों में अत्याधुनिक सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं। अत्याधुनिक तकनीक में जीपीएस सिस्टम, डैशबोर्ड कैमरा एवं बॉडी वॉर्न कैमरा, संचार प्रणाली में आधुनिक वायरलेस सेट एवं अन्य उपकरण और राहत-बचाव उपकरणों में स्ट्रेचर एवं फर्स्ट-एड किट की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन उपकरणों की मदद से पुलिस बल किसी भी घटना या आपात स्थिति में कम समय में घटनास्थल तक पहुँचकर तुरंत कार्रवाई कर सकेगा। इससे न केवल सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि दुर्घटना और राहत कार्यों में भी गति आएगी। रेडियो शाखा द्वारा जिले के पुलिसकर्मियों को इन वाहनों के संचालन और उपयोग संबंधी विशेष प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में वाहनों की तकनीकी प्रणालियों, दुर्घटना के समय उपयोगी उपकरणों और नवीन सुविधाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई। डायल 112 योजना के अंतर्गत अन्य हेल्पलाइन नंबर भी एकीकृत किए गए हैं, जैसे महिला हेल्पलाइन 181, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930, फायर सेवा 101, एंबुलेंस 108, डायल 100 पुलिस सहायता।

### रेडियो शाखा ने पुलिस कर्मियों को दिया प्रशिक्षण

रेडियो शाखा ने पुलिसकर्मियों को इन वाहनों के संचालन का विशेष प्रशिक्षण दिया है। इस दौरान कार्यक्रम में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय एवं पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह, एसडीओपी राहुल कटरे, जिला वैज्ञानिक अधिकारी प्रदीप यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप

**नवभारत न्यूज खरगापुर। नगर परिषद खरगापुर के सीएमओ ने पुलिस थाना में एक शिकायती आवेदन देते हुए स्थानीय दो लोगों पर परिषद के उपयंत्री के साथ अभद्रता करने सहित शासकीय कार्य में बाधा डालने का आरोप लगाया है। उन्होंने पुलिस के अलावा कलेक्टर, एसडीएम एवं तहसीलदार को भी मामले से अवगत कराया है।**

शिकायती आवेदन में सीएमओ ने बताया कि खरगापुर नगर में निवासरत अमित जैन एवं प्रदीप साहू ने परिषद कार्यालय में आकर उपयंत्री के साथ अभद्र व्यवहार करते हुए शासकीय कार्य में बाधा डाली है। जिससे परिषद के कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। सीएमओ ने इस मामले में पुलिस से जांच कर दोषियों पर कार्यवाही की मांग शासन हित में की है। उन्होंने बताया कि इस मामले के बारे में कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय सहित अन्य अधिकारियों को अवगत कराया है।

## कार्यशाला में दिया पर्यावरण बचाने का संदेश




**नवभारत न्यूज टीकमगढ़। मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला न्यायाधीश, अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला टीकमगढ़ प्रवीणा व्यास की अध्यक्षता में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला न्यायालय के सभाकक्ष में पर्यावरण कानूनों एवं प्रभाव के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पर्यावरण बचाने का संदेश दिया गया।**

कार्यशाला में क्षेत्रीय अधिकारी, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, सागर सतीश कुमार चौकसे द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक संख्या में पौधे लगाना चाहिए, उर्जा की बचत करना चाहिए, सिंगल प्लास्टिक का प्रयोग करने से बचना चाहिए तथा यथा संभव लोक वाहन का उपयोग करना चाहिए। श्री चौकसे के द्वारा ई-बेस्ट, बायोमेडिकल बेस्ट एवं अन्य अपशिष्ट प्रबंधन संबंधी प्रावधानों को भी सरल तरीके से बताया, कार्यशाला में सामाजिक न्याय विभाग से जीवन लाल के द्वारा संगीत के माध्यम से पर्यावरण बचाने का संदेश दिया।